FYUGP/Sem-6/HN-MN1

# 2026

# Hindi (Minor)

## Paper Code : HN-MN-6214

## Paper Name : आधुनिक हिंदी कविता

*Time : 3 hours* *Full Marks : 70*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

क) भारतेंदु के अनुसार निज भाषा के ज्ञान के बिना क्या नहीं मिटता ?

ख) 'मेरे नाविक' कविता में नाविक किसका प्रतीक है ?

ग) पुष्प का जीवन कब धन्य होगा ?

घ) 'परिवर्तन' कविता में कवि द्वारा परिवर्तन के लिए प्रयोग किए गए किसी एक नवीन उपमान का उदाहरण दीजिए ।

ङ) 'शक्ति और क्षमा' कविता में कवि ने 'गरल' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया है ?

च) 'अकाल और उसके बाद' कविता में कवि ने क्यों 'बहुत दिनों के बाद' वाक्यांश का प्रयोग बार-बार किया है ?

छ) कवि माँझी से बंशी बजाने के लिए क्यों मना कर रहा हैं ?

ज) 'ब्रज की संध्या' कविता के कवि कौन हैं ?

झ) 'आधुनिक युग की मीरा' किसे कहा जाता है?

ञ) अज्ञेय किस विधा के प्रमुख लेखक थे ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति सम्यक उत्तर दीजिए : 2×5=10

क) "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल"– उक्त पंक्ति से कवि का क्या

तात्पर्य है ?

ख) "धन्ये, मैं पिता निरर्थक था"- इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

ग) महादेवी वर्मा के विरह वर्णन की किन्हीं दो विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

घ) केदारनाथ अग्रवाल की काव्य-भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए ।

ङ) छायावाद के चार आलोक स्तम्भ कौन-कौन हैं ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के सम्यक उत्तर दीजिए : : $5\times4=20$

क) 'ब्रज की संध्या' कविता का सारांश लिखिए ।

ख) 'कलगी बाजरे की' कविता में किस प्रकार नए उपमानों का प्रयोग किया गया है ?

ग) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अगर मैं तुम को ललाती सांझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता,
या शरद के भोर की नीहार- न्हायी कुंई,
टटकी कली चंपे की, वगैरह, तो
नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या कि सूना है
या कि मेरा प्यार मैला है ।

घ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ।

ङ) 'मेरे नाविक' कविता में निहित भावार्थ को स्पष्ट कीजिए ।

च) संध्या के समय ब्रज के 'जल-भाग' पर बनी शोभा का वर्णन कीजिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** के सम्यक उत्तर दीजिए : 10×3=30

क) आधुनिक हिंदी साहित्य में भारतेंदु का स्थान निर्धारित कीजिए ।

ख) 'सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं ।'- समीक्षा कीजिए ।

ग) दिनकर को 'राष्ट्रकवि' क्यों कहा जाता है ? उनके काव्य के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

घ) 'गीत फरोश' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए ।

ङ) 'शक्ति और क्षमा' कविता के अनुभूति पक्ष पर प्रकाश डालिए ।

च) 'सरोज-स्मृति' कविता की केंद्रीय संवेदना पर विचार कीजिए ।

■■■